D 13755 **(Pages : 3)** **Name..................................**

Reg. No..............................

FIRST SEMESTER B.Com./B.B.A. DEGREE EXAMINATION, NOVEMBER 2016

(CUCBCSS–UG)

Common Course—Hindi

A 07 (2)—PROSE FORMS IN HINDI LITERATURE

(2016 Admissions)

Time : Three Hours | Maximum : 80 Marks

I. वस्तुनिष्ठ उत्तर लिखिए (प्रश्न संख्या 1 से 10 तक के सभी प्रश्नों के उत्तर **अनिवार्य** हैं ।) :

(क) कोष्ठकों से सही उत्तर चुनकर लिखिए :

1 'गप-शप' का रचनाकार कौन है ?

(जगदीशचंद्र माथुर, नामवर सिंह, मणि मधुकर, अज्ञेय)

2 रवीन्द्रनाथ ठाकुर के पिता का क्या नाम है ?

(राजेन्द्रनाथ ठाकुर, देवेन्द्रनाथ ठाकुर, द्वारकानाथ ठाकुर, शिवेन्द्रप्रसाद ठाकुर)

3 उर्दू में प्रेमचंद किस नाम से लिखते थे ?

(धनपतराय, नवाबराय, कुबेरनाथ राय, अमृतराय)

4 विश्वजीत की पत्नी का क्या नाम है ?

(शारदा, करूणा, वरूणा, शिवानी)

5 'सती' एकांकी का रचनाकार कौन है ?

(शिवजित, हरिजीत, विष्णु प्रभाकर, रामकुमार वर्मा)

(ख) एक-एक शब्द में उत्तर लिखिए :

6 'देवताओं' के अंचल में यात्रावृत्त का रचनाकार कौन है ?

7 'मैं नरक से बोल रहा हूँ'—किसकी लिखी व्यंग्य रचना है ?

8 रवीन्द्रनाथ की माता का नाम क्या था ?

9 प्रकाशवती किस साहित्यकार की पत्नी है ?

10 'सवा सेर गेहूँ' के शंकर के छोटे भाई का क्या नाम है ?

(10 × 1 = 10 marks)

Turn over

II. किन्हीं **दस** प्रश्नों के लघु उत्तर (दो-तीन वाक्यों में) लिखिए :

11 बेकार की बातें करने से क्या फायदा है ?

12 'शांतिनिकेतन' की स्थापना किसके की ? इसकी स्थापना का उद्देश्य क्या था ?

13 चित्रगुप्त के अनुसार आत्मा-एक की आयू कम हो जाने का कारण क्या था ?

14 रवीन्द्रनाथ ठाकुर की किन्हीं चार रचनाओं के नाम लिखिए ।

15 "मेरा स्कूल छोडने पर एंक ऐसे व्यक्ति से साक्षात्कार हुआ जिसने मेरी दुनिया बदल दी ।"—यह व्यक्ति कौन था ? उस व्यक्ति ने किस प्रकार भीष्म साहनी को प्रभावित किया ?

16 "मैंने तुम्हें बुद्धि दी है ; हाथ पैर दिये हैं, कार्य-शक्ति दी है - और तू अकर्मण्य बुजदिल कीड़े सा मर गया ।" —यह प्रसंग किस रचना से उद्धृत है ? ये वाक्य कौन किससे कहता है ?

17 भक्तिन का सही नाम क्या था ? वह किस उद्देश्य से महादेवी के पास आयी ?

18 शंकर ने विप्र महाराज से सवा सेर गेहूँ क्यों उधार लिया ?

19 कुलू को क्यों 'देवताओं का अंचल' कहते हैं ?

20 मनीषा ने किससे शादी कर ली ? वह क्या काम करता था ?

21 आत्मा-दो के सती हो जाने का क्या कारण था ?

22 मणिकर्ण की क्या-क्या विशेषताएँ हैं ?

(10 × 2 = 20 marks)

III. किन्हीं **चार** प्रश्नों के संक्षिप्त उत्तर (150 शब्दों में) लिखिए :

23 पठित यात्रा वृत्तांत के आधार पर कुलू की विशेषताओं का उल्लेख कीजिए ।

24 'गप-शप' में अभिव्यक्त विचार स्पष्ट कीजिए ।?

25 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

गोरे-चिट्टे दमकते चेहरों वाले, स्वस्थ तथा व्यवहार कुशल व्यक्ति मुझे 'हीरो' जैसे लगते थे, जो आत्म विश्वास के साथ हर काम सुभीते से कर जाते हैं ।

26 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

गुलामी समझो, चाहे मजदूरी समझो । मैं अपने रूपए भराए बिना तुमको कभी न छोडूँगा । तुम भागोगे तो तुम्हारा लडका भरेगा ।

27 सप्रसंग व्याख्या कीजिए :

आपका जमाना कभी का बीत गया । अब बीते जीवन की धडकनें सुनने से अच्छा है कि वर्तमान की सांसों की रक्षा की जाए ।

28 "मैं नरक से बोल रहा हूँ ।"—का व्यंग्य समझाइए ।

(4 × 5 = 20 marks)

IV. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

29 'सवा सेर गेहूँ' कहानी में प्रतिपादित मुख्य समस्याओं का परिचय दीजिए ।

30 पठित रेखाचित्र के अनुसार भक्तिन का परिचय दीजिए ।

31 पठित निबंध के आधार पर रवीन्द्रनाथ ठाकुर के व्यक्तित्व एवं आदर्शों पर प्रकाश डालिए ।

(2 × 15 = 30 marks)